हक की आवाज बुलंद कर निर्भय बनाने में जुटा निर्भय भवन

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर, 03 अप्रैल। ग्वालियर के पड़ाव क्षेत्र में स्थित एक साधारण सी दिखने वाली इमारत अपने भीतर असाधारण इतिहास समेटे हुए है। यह है निर्भय भवन. यह मात्र एक भवन नहीं, बल्कि दलित समाज के आत्मसम्मान, एकजुटता और संघर्ष का जीता-जागता स्मारक है। सन 1975 में जब इसकी नींव रखी गई थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि 100 से अधिक दलितों के सामूहिक श्रम से तैयार यह भवन आने वाले दशकों तक शोषितों और वंचितों की बुलंद आवाज बनेगा।

भारतीय दलित वर्ग संघ 1935 से निरंतर संघर्ष : देश की आजादी से पहले, यानी सन 1935 से सक्रिय भारतीय दलित वर्ग संघ आज भी पूरे देश में अपनी जड़ें जमाए हुए है। वर्तमान में इस संगठन का नेतृत्व बाबू जगजीवन राम के नाती और राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुल अभिजीत , प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मंडेलिया और राष्ट्रीय सचिव महेश मदुरिया कर रहे हैं।

यह संगठन केवल राजनीति नहीं करता, बल्कि जमीनी स्तर पर न्याय सुनिश्चित करता है। किसी भी वर्ग पर अत्याचार होने पर संगठन तुरंत एक जांच टीम गठित करता है और सत्यता पाए जाने पर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करता है।

निर्भय भवन का पिछले पांच दशकों से कई बार स्वरूप बदला है. लेकिन इस बार फिर से नया भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा निर्भय भवन में लगातार साज - सज्जा का कार्य जारी है , बाबू जगजीवन राम के जन्म से लेकर उनके निधन तक की संघर्ष यात्रा की दुर्लभ तस्वीरें निर्भय भवन के दीवारों पर लगी हुई है. बाबू जगजीवन राम रक्षा मंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत के उप प्रधानमंत्री जैसे पदों पर रहे निर्भय भवन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन सिंह ,माधवराव सिंधिया, केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास अठावले, पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार सहित विभिन्न बड़े - बड़े राजनेता भी आ चुके हैं ।

श्रम और समर्पण की अनूठी गाथा

निर्भय भवन की सबसे बड़ी विशेषता इसका निर्माण है। इसे किसी मजदूर ने नहीं, बल्कि समाज के लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने मिलकर अपने हाथों से तैयार किया था। साल 1975 में देश के तत्कालीन कद्दावर नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने इसका शिलान्यास किया। दो साल के कड़े परिश्रम के बाद 1977 में बाबूजी के कर-कमलों द्वारा ही इसका उद्घाटन हुआ। बाबू जगजीवन राम ने ही इसे निर्भय भवन नाम दिया था। उनका उद्देश्य स्पष्ट था—एक ऐसा स्थान जहां समाज का अंतिम व्यक्ति बिना किसी डर या संकोच के निर्भय होकर आए और अपने अधिकारों की बात करे। निर्भय भवन के इतिहास को स्वर्गीय बारेलाल मंडेलिया के जिक्र के बिना पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों, पीड़ितों और आदिवासियों के हक की लड़ाई में झोंक दिया। जंतर-मंतर पर सैकड़ों बार धरने और 100 से अधिक सम्मेलनों के माध्यम से उन्होंने सत्ता के गलियारों तक दबे-कुचले वर्ग की आवाज पहुंचाई। आज उनके पदचिन्हों पर चलते हुए संगठन इस मशाल को आगे बढ़ा रहा है। निर्भय भवन आज भी सर्व समाज की न्याय की लड़ाई का केंद्र बना हुआ है। ग्वालियर की इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने और बाबू जगजीवन राम के योगदान को वह सम्मान दिलाने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं।

अनसुनी मांग : बाबूजी को कब मिलेगा भारत रत्न ?

आधुनिक भारत के निर्माता और दलितों के मसीहा कहे जाने वाले बाबू जगजीवन राम ने निस्वार्थ भाव से सामाजिक सद्भाव के लिए कार्य किया। निर्भय भवन से समय-समय पर कांग्रेस और भाजपा, दोनों सरकारों से बाबूजी को भारत रत्न देने की मांग उठती रही है। कई आंदोलन और ज्ञापन दिए गए, लेकिन विडंबना यह है कि आज तक किसी भी सरकार ने इस दिशा में ठोस विचार नहीं किया।

निर्भय भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि शोषितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है। हमारे पूर्वजों ने इसे अपने हाथों से सींचा है । बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन सामाजिक सद्भाव और दलितों के उत्थान में लगा दिया। ग्वालियर का निर्भय भवन उनके निर्भय समाज के सपने को साकार कर रहा है। बड़े दु:ख की बात है कि कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने अब तक उन्हें भारत रत्न देने पर विचार नहीं किया।

- सुधीर मंडेलिया, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय दलित वर्ग संघ



मैं निर्भय भवन की स्थापना से लेकर अब तक जुड़ा हुआ हूं और हर वर्ष बाबू जगजीवन राम की जयंती और पुण्यतिथि भव्य रूप से मनाई जाती है और फूलबाग पर बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा स्थापना मेंभी हम जैसे कार्यकर्ताओं का योगदान रहा है।

- गोपीलाल भारतीय, पूर्व उपाध्यक्ष, जीडीए

एफटीएस युवा ग्वालियर ने बनाया मानवता से हनुमान कनेक्ट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,03अप्रैल। एफ.टी.एस. युवा ग्वालियर शाखा की टीम ने ग्वालियर के कैंसर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों के साथ स्पेशल कनेक्ट बनाया।

जिस प्रकार वानर सेना ने सेतु निर्माण में भगवान श्री रामजी की सहायता की उसी प्रकार अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में ग्वालियर शाखा ने न केवल कैंसर अस्पताल के मरीजों से मुलाकात की बल्कि संबंधित डॉक्टरों से परामर्श के बाद उन्हें फल और छाछ भी वितरित किया। मरीज और उनके साथ आए लोगों ने न केवल टीम के प्रयासों की सराहना की बल्कि टीम के सदस्यों को आशीर्वाद भी दिया। टीम ने रक्तदान अभियान भी आयोजित किया जिसमें विशेष अतिथि संचिता गुप्ता, एफ.टी.एस. युवा की उत्तर क्षेत्र समन्वयक ने भी भाग लिया।

टीम ने 200 से अधिक लोगों की सेवा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार, सचिव संभव अग्रवाल, वनयात्रा प्रमुख ख्याति मूंदरा, कार्यकारी सदस्य मोहित सिंह, कंचन सिंह, तरुण अरोरा, राघवेंद्र सिंह, अंकित सोनी की भूमिका रही।

कल धूमधाम से मनेगी महाराज गुह्यराज निषाद जयंती

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,03 अप्रैल । मांझी आदिवासी समाज संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में महाराज गुह्यराज निषाद की जयंती आगामी 5 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। चल समारोह दोपहर 2 बजे से बाबा उच्चाड़िया बाबा मंदिर लधेड़ी मछली मण्डी से चल समारोह प्रारंभ होकर रानीपुरा चार शहर का नाका, हजीरा, किलागेट, सेवानगर, फूलबाग होकर, लक्ष्मीबाई के सामने प्रांगण में सभा के रूप में परिवर्तित होगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद भरत सिंह कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया, सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, महापौर शोभा सिकरवार, भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौड़, विधायक सतीश सिकरवार, सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, संभागीय कमिश्नर, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ग्वालियर उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे आयोजित होगा। गुह्यराज निषाद की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा और आए अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय संत गोपाल नंद गिरी महाराज के द्वारा होगा । इस कार्यक्रम में राम भक्त गुह्यराज निषाद के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला जाएगा ।

अलापुर में बनेगा ग्वालियर भाजपा का नया हाईटेक कार्यालय

भाजपा स्थापना दिवस पर होगा भव्य शिलान्यास

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,03अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस, 6 अप्रैल को ग्वालियर भाजपा एक नया इतिहास रचने जा रही है। शहर के अलापुर स्थित नीलकंठ तिराहे पर भाजपा के नवीन जिला कार्यालय के निर्माण हेतु भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वृहद परियोजना को लेकर आज बाल भवन में जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने बताया कि कार्यालय का भूमि पूजन आगामी 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे के विशेष शुभ मुहूर्त में होगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअल माध्यम से जुड़कर शिलापट्ट का अनावरण करेंगे। भूमि पूजन के इस अवसर पर ग्वालियर की धरा पर भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सांसद भारत सिंह कुशवाह, कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर और प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट,संभाग प्रभारी डॉ. निशांत खरे और जिला प्रभारी गोपीचंद नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आज बाल भवन में आयोजित बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई और उपस्थित कार्यकर्ताओं से कार्यालय निर्माण व भूमि पूजन समारोह को लेकर सुझाव भी मांगे गए। बैठक में पूर्व अध्यक्ष कमल माखीजानी, अभय चौधरी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी छात्रवृत्ति, आवेदन शुरू

ग्वालियर। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जुजुत्सु एसोसिएशन ग्वालियर के सचिव सूरज राठौर ने बताया कि जिले के वे सभी खिलाड़ी, जिन्होंने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में पदक हासिल किया है, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। फॉर्म यादव धर्मशाला के पास, श्मशान रोड स्थित कार्यालय के पास मिलेगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी इसके लिए पात्र हैं। इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर, आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसे वहीं जमा कर सकते हैं। खिलाड़ियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने आवेदन पूर्ण कर विभाग को सौंप दें।

क्रूस के काठ को देखिए जिस पर संसार के मुक्तिदाता टंगे थे

गुड फ्राइडे : प्रभु येसु के दु :ख भोग एवं मृत्यु का स्मरण दिवस मना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,03 अप्रैल। आज गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु येसु के दु:ख भोग एवं मृत्यु का स्मरण दिवस मनाते हुए चर्च में सुबह 7.00 बजे से 1.30 बजे तक हिन्दी, अंग्रेजी उरांव, मलयालम एवं तमिल भाषा में क्रूस रास्ता का आयोजन किया गया। संत पॉल चर्च, मुरार में पहला पाठ श्रीमती परली मनोहर दूसरा पाठ श्रीमती क्लारा मिंज एवं प्रभु येसु का दुखभोग फादर जॉन डिसूजा द्वारा पढ़ा गयाद्व दोपहर 3.00 बजे से क्रूस की उपासना की गई।

ग्वालियर धर्मप्रांत के प्रवक्ता ऐबिल एक्सट्रोस ने बताया की समस्त मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाने व उसका उद्धार करने के लिये आज से 2000 वर्ष पूर्व प्रभु येसु ने क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान दिया, इसलिए इसे 'गुड फ्राइडे 'अर्थात् ' पुण्य शुक्रवार 'कहा जाता है।

इसी श्रंखला में संत पॉल चर्च, मुरार में मुख्य अनुष्ठानदाता ग्वालियर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष डॉ जोसफ थायकाटिल, विकार जनरल एवं पल्ली पुरोहित फादर लॉरेंस डिसूजा,फादर जॉन डिसूजा, फादर आरोक्यदास , फादर जॉन प्रमोद ,फादर जॉन केदारी, फादर ए.डेविड, फादर विंसेंट सोरेस, फादर निर्दोष इक्का, फादर सी.अल्फोंस ,डीकेन थॉमस,जॉन महागिरजाघर, लश्कर में पल्ली पुरोहित फादर जोसफ चिपसन गुड शेपर्ड चर्च, महाराजपुरा में मुख्य पुरोहित फादर दिलीप नंदा एवं पल्ली पुरोहित फादर जॉन पांड्यापल्ली एवं माउंट कार्मल चर्च कम्पू में फादर नेल्सन ने क्रूस उपासना की विधि संपन्न की।

शुरुआत में पुरोहितों द्वारा बाइबल से प्रभु येसु के दु:खभोग का स्मरण किया। तत्पशचात धर्माध्यक्ष एवं पुरोहित द्वारा क्रूस वेदी पर लाया गया एवं तीन बार पुरोहित द्वारा दोहराया गया 'क्रूस के काठ को देखिये जिस पर संसार के मुक्तिदाता टंगे थे' जिसके उत्तर में सभी विश्वासीगण ने नतमस्तक होकर कहा 'आइये हम सब उसकी उपासना करें '। तत्पश्चात क्रूस को उपासना के लिए रखा गया।

विश्वासियों ने क्रूस के सम्मुख नतमस्तक एवं चुम्बन लेकर उपासना की द्व गायन मंडली द्वारा भजन 'जो क्रूस पे कुर्बान है वो मेरा मसीहा है, हर ज़ख्म जो उसका है वो मेरे गुनाह का है, 'छा सा रहा है गगन में आज ये कैसा अंधेरा, कहां छिपे हैं चंदा सूरज कहां छुपा है सवेरा '। इसी तरह और भी दु:ख भोग के भजन गाते हुए प्रभु येसु के दु:ख भोग का स्मारण किया गया। प्रवक्ता एबील एक्सट्रोस ने जानकारी देते हुए बताया कि गुड फ्राइडे को येसु ने क्रूस पर दोपहर तीन बजे प्राण त्यागे थे इसी की स्मृति में सम्पूर्ण विश्व में गुड फ्राइडे (पुण्य शुक्रवार) मनाया जाता है। शनिवार 4 अप्रैल गुड शेपर्ड चर्च में शाम 6.30 बजे संत पॉल चर्च में शाम 7.30 बजे एवं संत जॉन महागिरजाघर, लश्कर एवं माउंट कार्मल चर्च, सिकंदर कम्पू में 11.00 बजे प्रभु येसु के पुनरुत्थान की मिस्सा अर्पित की जायेगी एवं रविवार सुबह पास्का रविवार (Easter Sunday) को संत जॉन महागिरजाघर, लश्कर में 8.00 बजे संत पॉल चर्च,मुरार में 8.30 बजे एवं गुड शेपर्ड चर्च महाराजपुर में 9.00 बजे मिस्सा होगी।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती कविता गाडवे पत्नी श्री प्रभाकर राव गाडवे ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट स्थित ग्राम अजयपुर जिला ग्वालियर में है जो कि सर्वे क्र. 634, 633, 652 का भाग 1100 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 65 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सतेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री भागीरथ सिंह की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 2070 ग्रन्थ नं. 25454 तारीखी 07.01.2015 में दुर्गा प्रसाद, हीरालाल पुत्रगण श्री खरगा कुशवाह से क्रय की । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :-पूर्व में - सम्पति उत्तम, पश्चिम में-रोड, उत्तर में- सम्पति सतीश एंव सुनील दक्षिण में-दीगर सम्पति जिसका कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा श्रीमती कविता गाडवे पत्नी श्री प्रभाकर राव गाडवे को विक्रेता सतेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री भागीरथ सिंह के द्वारा अचल संपति प्लॉट को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवारिक सदस्य नारायण, देवी, मूलचन्द्र पुत्रगण स्व. श्री खरगा एंव नारायणी, गोरा, भग्गो पुत्रीगण स्व. श्री खरगा व श्रीमती शान्ती पत्नी स्व. श्री खरगा को कोई उज्र व आपति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा अचल सम्पत्ति प्लॉट कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक-03.04.2026
ग्वालियर- स्थान

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

स्वच्छता समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी : सुरेन्द्र यादव

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 3 अप्रेल। वार्ड क्रमांक 18 स्थित दंदरौआ धाम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में वार्ड के सभी कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यादव ने स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई की और यह संदेश दिया कि जनसेवा केवल भाषणों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करने से सिद्ध होती है। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संस्कार का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती आई है और स्वच्छता भी उन्हीं महत्वपूर्ण विषयों में से एक है, जो सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन स्तर से जुड़ा हुआ है। उन्होंने 'स्वच्छता ही सेवा है' का संकल्प दिलाते हुए कहा कि आइए, हम सभी मिलकर अपने ग्वालियर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता अभियान में हरि सिंह तौमर, योगेन्द्र सिंह नोनेरा, गौरव तिवारी, भूपेंद्र तौमर, राजेश तोमर, हितेन्द्र यादव, आशुतोष शर्मा, रामबाबू श्रीवास, सागर नाती, राकेश गुर्जर, अरुण कंसाना, अभिषेक पाल, रामराज, ओमवीर रजक, सुनील पाल, के.पी. जादौन सहित क्षेत्रीय नागरिक सम्मिलित थे।

शीतला माता मेले से गायब किशोरी सकुशल बरामद

ग्वालियर। शीतला माता मंदिर मेले से लापता हुई 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। घटना 26 मार्च की है, जब आंतरी निवासी एक परिवार शीतला माता मंदिर में दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद 15 वर्षीय बालिका मेले में सामान लेने गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन सुराग न मिलने पर थाना झांसी रोड में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं साक्षी गांगिल (SHAKSHI GANGIL) पुत्री श्री मुकेश गुप्ता (MUKESH GUPTA) आयु 24 वर्ष, व्यवसाय- नौकरी, निवासी- शिवहरे कॉलोनी, सुभाष मिल के पास, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) 474006 सूचित करती हूं कि मेरा सही नाम साक्षी गांगिल (SHAKSHI GANGIL) पुत्री श्री मुकेश गुप्ता (MUKESH GUPTA) है। मेरा व मेरे पिता का सही व सत्य नाम मेरे आधार कार्ड व पेनकार्ड पर भी लिखा हुआ है। यहकि, मेरी 10वीं व 12वीं मध्यप्रदेश बोर्ड की अंकसूची, स्नातक की अंकसूची एवं वोटर कार्ड पर मेरा व मेरे पिता का नाम साक्षी गांगिल (SHAKSHI GANGIL) पुत्री श्री मुकेश गांगिल (MUKESH GANGIL) लिखा हुआ है। यहकि, मुकेश गांगिल (MUKESH GANGIL) तथा मुकेश गुप्ता दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति मेरे पिता के ही नाम हैं। यहकि, प्रकाशन के उपरांत भविष्य में समस्त शासकीय - अशासकीय दस्तावेजों में मेरा व मेरे पिता का नाम साक्षी गांगिल (SHAKSHI GANGIL)) पुत्री श्री मुकेश गुप्ता (MUKESH GANGIL) के नाम से ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा दर्ज किया जावे। समस्त सूचित हों।

सूचनाकर्ता- साक्षी गांगिल पुत्री मुकेश गुप्ता
निवासी- शिवहरे कॉलोनी, सुभाष मिल के पास, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) 474006

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुरेन्द्र पुत्र ब्रह्मा, निवासी- ग्राम भेलाकला, पोस्ट बिजौली, तहसील ग्वालियर (म.प्र.) 474006 सर्व साधारण को सूचित करता हूं यहकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 7245 3443 9631 पर त्रुटि के कारण उसका व मेरा नाम मुरली (MURALI) पुत्र सुरेन्द्र राना (SORENDRA RANA) लिखा हुआ है जोकि उसका एवं मेरा गलत नाम है। यहकि, मेरे पुत्र का एवं मेरा सही नाम रणवीर राणा (RANVEER RANA) पुत्र सुरेन्द्र (SURENDRA) है और उसका यही सही नाम उसकी राज्य शिक्षा केन्द्र (म.प्र.) की कक्षा 5वीं की अंकसूची एवं उसके जन्म प्रमाण-पत्र पर भी लिखा हुआ है। अतः प्रकाशन के उपरांत भविष्य में समस्त शासकीय-अशासकीय दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम रणवीर राणा (RANVEER RANA) पुत्र सुरेन्द्र (SURENDRA) लिखा व पढ़ा जावे एवं तदानुसार ही दर्ज किया जाए।

सूचनाकर्ता- सुरेन्द्र
ग्राम भेलाकला, पोस्ट बिजौली
तहसील ग्वालियर (म.प्र.) 474006

CHANGE OF NAME

I, BHADUR SINGH father of HARJINDER SINGH, Presently residing at Ram Nagar Sainia, Patiala, Punjab-140417 have changed my name From BHADUR SINGH to BAHADUR SINGH Vide Affidavit No. BX 717719 & Date-01.04.2026 before D.P. Pant Notary Gwalior (M.P.)

CHANGE OF NAME

I, PARMJEET KAUR mother of HARJINDER SINGH, Presently residing at Ram Nagar Sainia, Patiala, Punjab-140417 have changed my name from PARMJEET KAUR to PARAMJIT KAUR Vide Affidavit No. BX 717721 & Date-01.04.2026 before D.P. Pant Notary Gwalior (M.P.)

CHANGE OF NAME

I TOMAR ANIL KUMAR DS Currently residing at 79, Rukshmani Bungalows, Near Suryanagar, Nikol Gam, Ahmedabad, Gujarat-382350 have changed my son name from NIKHEL TOMAR t o TOMAR NIKHEL ANILKUMAR Vide Affidavit No. BX 717714 & Date-01.04.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं LAMBODAR PRASAD (Existing name) of father as per NOK is legally father of No. 4293943L Rank-NK INDRAJEET KUMAR presently residing at Vill. Sripur Hati, P.O Sirpur Hati, P.S- Pandaul, Dist-Madhubani, State-Bihar Pin code-847212 सूचित करता हूं कि- मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 09.01.1971 त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी सही जन्मतिथि 01.01.1968 को मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। Vide Affidavit No. DC 446552 & Date- 31.03.2026, before District Court Gwalior

नाम संशोधन संबंधी सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि अभिजीत जैन (आयु 25 वर्ष), आधार कार्ड क्रमांक 838315654616, पिता मनीष कुमार जैन, निवासी 293/12, पुराना पचासा, नई आबादी, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) द्वारा शपथपूर्वक यह घोषणा की जाती है कि उनकी कक्षा 10वीं (वर्ष 2017) की अंकसूची में त्रुटिवश उनके पिता का नाम मनीष जैन अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड सहित अन्य शासकीय अभिलेखों में उनके पिता का सही नाम मनीष कुमार जैन दर्ज है, जो पूर्णतः सही एवं प्रमाणिक है। अतः मनीष जैन एवं मनीष कुमार जैन दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचनाकर्ता - अभिजीत जैन
निवासी - 293/12,पुराना पचासा नई आबादी,जिला भिंड (म.प्र.)

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थी का सही नाम नरेशबाबू (NARESHBABU) है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम रवि सिरोजिया है। रवि सिरोजिया और नरेशबाबू दोनो ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम रवि सिरोजिया (RAVI SHIROJIYA) के स्थान पर नरेशबाबू (NARESHBABU) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे नरेशबाबू (NARESHBABU) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- रवि सिरोजिया (RAVI SHIROJIYA)
नया नाम- नरेशबाबू (NARESHBABU)
पिता- श्री ब्रिजमोहन सिरोजिया (BRIJMOHAN SHIROJIYA)
निवासी - श्रीनगर कॉलोनी मुरार ग्वालियर म.प्र.-474011

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थी का सही नाम मुन्नालाल (MUNNALAL) है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम मदन पाल सिंह है। मदन पाल सिंह और मुन्नालाल दोनो ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम मदन पाल सिंह (MADAN PAL SINGH) के स्थान पर मुन्नालाल (MUNNALAL) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे मुन्नालाल (MUNNALAL) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- मदन पाल सिंह (MADAN PAL SINGH)
नया नाम- मुन्नालाल (MUNNALAL)
पिता - श्री नेकसू सिंह (NEKSU SINGH)
निवासी- कुम्हरपुरा थाटीपुर ग्वालियर म.प्र.-474011

CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, MINATI DEKA wife of No. 4427839F Rank- L/Hav Name - DIBAKAR DEKA, Unit of 06 Assam Regt C/o 56 APO, Presently residing at Khagrabari, Udalguri, Assam-784509, have changed my date of birth from 20.12.1996 to 01.02.1996 Vide Affidavit No. BX 982253 & Date-01.04.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थीनी का सही नाम शिया कुमारी (SHIAH KUMARI) है जो कि मेरे पति के पेंशन के पी.पी.ओ और आदि दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम सिया कुमारी तोमर है। सिया कुमारी तोमर और शिया कुमारी दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम सिया कुमारी तोमर (SIYA KUMARI TOMAR) के स्थान पर शिया कुमारी (SHIAH KUMARI) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझ शिया कुमारी (S H I A H KUMARI) के नाम से जाना पहचाना व पढा लिखा जावे।

पुराना नाम- सिया कुमारी तोमर (SIYA KUMARI TOMAR)
नया नाम- शिया कुमारी (SHIAH KUMARI) पति श्री भव सिंह तोमर (BHAV SINGH TOMAR)
निवासी सनगौली अम्बाह मुरैना म.प्र. 476115

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थी का सही नाम योगेन्द्र सिंह (YOGENDRA SINGH) है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम शेरसिंह है। शेरसिंह और योगेन्द्र सिंह दोनो ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम शेरसिंह (SHERSINGH) के स्थान पर योगेन्द्र सिंह (YOGENDRA SINGH) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे योगेन्द्र सिंह (YOGENDRA SINGH) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- शेरसिंह (SHERSINGH)
नया नाम- योगेन्द्र सिंह (YOGENDRA SINGH)
पिता श्री मर्दानसिंह (MARDANSINGH)
निवासी गुडी गुडा का नाका लश्कर ग्वालियर म.प्र.-474001

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थीनी का सही नाम इंद्रा (INDRA) है जो कि मेरे समस्त आदि दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम रीना देवी है। रीना देवी और इंद्रा दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम रीना देवी (REENA DEVI) के स्थान पर इंद्रा (INDRA) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझ इंद्रा (INDRA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- रीना देवी (REENA DEVI)
नया नाम- इंद्रा (INDRA)
पति श्री संदीप (SANDEEP)
निवासी - कुम्हरपुरा थाटीपुर ग्वालियर म.प्र. 474011

कार्यालय सदस्य (अभियांत्रिकीय), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. 02 / सामान्य. /2025-26/562 — भोपाल, दिनांक 02.04.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
(तृतीय आमंत्रण)

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।
निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

स.क्र.	नि.आ. सू.क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत यू.एस.आर. 15.07.2024 के आधार पर (रू.लाख में)	धरोहर की राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.		एम-केड स्कीम के अंतर्गत गुडारिया क्लस्टर के 2618 हेक्टेयर क्षेत्र में सुक्ष्म दबावयुक्त पाईपलाईन बिछाने का कार्य (एक मुश्त निविदा)	Rs. 4834.93 लाख	Rs. 50.00 लाख	50,000.00	लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी।	दिनांक 30/09/2026 (वर्षाकाल सहित)

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दिनांक 08.04.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं पूर्व अर्हता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि — दिनांक 10.04.2026, 10:30 से
3. मूल्य निविदा खोलने की अनुमानित तिथि — दिनांक 15.04.2026, 10:30 से

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है।
निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

सदस्य (अभियांत्रिकीय)
नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल (म.प्र.)

G-11091/26